हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 जून 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 जिले में आंगनबाड़ियों के अच्छे रखरखाव...

07 पल्स पोलियो केंद्रों को सजाकर पांच वर्ष के बच्चों ...


## खबर संक्षेप

### बारिश के दौरान करंट से बचने के उपाय बताए

**सीहोर।** मानसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्त्रोत से प्राप्त की जा सकती हैं या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती हैं। घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था करें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्त्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों। तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं, जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो। अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें।

### कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज,सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री आदि का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए बेवसाइट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें।


### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रगतिरत कार्यों को 30 जून तक पूर्ण कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रगतिरत सभी कार्य 30 जून तक पूर्ण करवाएं, वर्षाकाल में वृहद स्तर पर पौधारोपण होना है, लक्ष्यानुसार पौधारोपण करवाने के लिए तैयारी कर ली जाए। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।


कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए नंदनफलोद्यान के लिए किसानों को सूचीबद्ध कर शासन के निर्देशानुसार पौधारोपण करवाये, नंदनफलोद्यान के लिए चयनित किसानों की कार्यशाला रख कर उन्हें विभाग की योजनाओं की जानकारी एवं तकनीकी मार्गदर्शन दें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम आगर सर्वेश यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभ्ज्ञी अधिसूचित सेवाएं निर्धारित समयावधि में प्रदान की जाए, अधिनियम के तहत समय-सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करने वाले पदाभिहीत अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार शास्ति अधिरोपित कर राशि वसूल की जाए। उन्होंने खरीफ सीजन के लिए जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा कर कृषि एवं सहकारी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता बनाएं रखें, किसानों को पूरी गुणवत्ता का उर्वरक उपलब्ध हो सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना की समीक्षा कर लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### अधिक दिनों की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें

कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा के दौरान एमपीईबी विभाग आगर द्वारा शिकायत निराकरण में अच्छा प्रदर्शन करने पर सराहना की एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को भी शिकायत निराकरण में उत्कृष्टत प्रर्दशन के निर्देश दिये। उन्होंनें 50 दिवस से अधिक दिनों की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा कि किसी भी विभाग के शिकायतें अधिक दिनों तक लम्बित नहीं रहें, ऐसी शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधानकारी निराकरण करते हुए संतुष्टि पूर्वक बंद करवाये, जो शिकायतें निराकरण योग्य नहीं है उन्हें फोर्स क्लोज़ करवाएं।

# राज्य सेवा व राज्य वन सेवा परीक्षा जिला मुख्यालय पर संपन्न हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा 2024, आगर- मालवा जिला मुख्यालय पर रविवार को दो परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर सीएम राइज मॉडल स्कूल आगर व शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबार कोठी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दोनों परीक्षा केंद्र पर कुल 454 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिसमें से 315 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 139 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीएम राइज मॉडल स्कूल आगर मे 250 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 179 उपस्थित एवं 71 अनुपस्थित, द्वितीय पाली में 178 उपस्थित एवं 72 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र दरबार कोठी में 204 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 138 उपस्थित तथा 66 अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में 137 उपस्थित व 67 अनुपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

मध्य प्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा 2024 जिले के दोनों परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष, निर्विघ्न, शुचितापूर्ण संपन्न करवाने के लिए उड़न दस्ते द्वारा निरंतर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम सर्वेश यादव, सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेटेंट से ही जुगाड़ आविष्कार बन जाता है : अपर्णा पंढारकर

**नलखेड़ा।** बच्चों और नागरिकों में किताबी ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग कर नवाचार करने के लिए प्रेरित और बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन संस्था और इटर्नल स्कूल ऑफ स्टडीज द्वारा विश्व कॉपीराइट दिवस पर मिशन इनोवेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 'जुगाड़ से आविष्कार तक' ऑनलाइन वर्कशॉप का यूट्यूब लाइव के माध्यम से आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ के रूप में भारत सरकार के राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन में अधिकृत प्रशिक्षक अपर्णा पंढारकर द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार और इस से जुड़े सभी पहलूओ जैसे पेटेंट,कॉपीराइट, ट्रेडमार्क,डिजाइन पेटेंट, पारंपरिक ज्ञान, भौगोलिक संकेतक टैग आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर शैलेन्द्र कसेरा द्वारा बताया गया कि आज भी हमारे समाज में बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। इस अधिकार की जानकारी न होने पर हमारे बौद्धिक संपदा जैसे किसी समस्या को हल करने वाला जुगाड़ (आविष्कार), लोगो, काव्य रचना आदि चोरी हो जाती है। इसके साथ हमारे समाज के नागरिकों, बच्चों और व्यावहारिक अभियंत्रा जैसे लोहार,वैल्डिंग करने वाले और कारीगरों द्वारा अपने व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर डिजाइन किए औजार या मशीनों को जुगाड़ के स्थान पर आविष्कार के रूप उसका बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने में सहायता करने के उद्देश्य से ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के निर्देशन में मिशन इनोवेशन कार्यक्रम शुरू किया गया है।

कार्यक्रम में आगर- शाजापुर क्षेत्र के अलावा मध्यप्रदेश के कई जिलों और अन्य राज्यों छतीसगढ़, गुजरात और दिल्ली से भी बच्चों और शिक्षकों ने ऑनलाइन वर्कशॉप में भाग लिया। इस ऑनलाइन वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों को भारत सरकार के राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन (निपम) द्वारा सीधे आईपीआर के द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाएगे।

### थाना प्रभारी को दिए निर्देश

# नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों के खिलाफ करें कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




नाबालिग दोपहिया वाहन चालकों के अभिभावकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। रविवार को लूट की घटना का खुलासा करने स्थानीय पुलिस थाने पर पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों के सवाल के जवाब में स्थानीय थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात सुरक्षा व किसी दुर्घटना से बचने के लिए नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाए। नाबालिग वाहन चलाते पाए जाने पर उनके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जब तक कोई भी बच्चा वैध रूप से 18 वर्ष का नहीं हो जाए, उसका ड्रायविंग लायसेंस नही बन जाये तब तक वह वाहन नहीं चलाएं।

एसपी ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहना जाए ताकि किसी भी दुर्घटना के दौरान चालक के सिर की सुरक्षा हो सके। मां बगलामुखी मंदिर पर पुलिस चौकी की स्थापना के सवाल पर एसपी ने कहा कि जगह उपलब्ध हो जाने पर पुलिस चौकी स्थापना की कार्रवाई की जाएगी। नगर के बाहरी हिस्से के नए मार्गो से अपराधियो के अपराध करने के पश्च्यात भागने की आशंका पर उन्होंने ऐसे मार्गो को चयनित कर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखने की बात कही गई। एसपी द्वारा अवैधानिक रूप से निजी चौपहिया वाहनों पर लगे हूटर, सायरन अथवा मप्र शासन लिखे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी थाना प्रभारी को दिए।

# पर्याप्त बारिश नहीं होने के बाद भी किसानों ने खरीफ फसल की बोवनी का कार्य किया प्रारंभ




**नलखेड़ा।** तहसील क्षेत्र में मानसून की बारिश प्रारंभ नहीं हुई है, किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार है। अभी तक क्षेत्र में मात्र 25 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बावजूद इसके नगर सहित आसपास के ग्रामों के कुछ ग्रामीणों द्वारा इस आशा से की एक दो दिनों में बारिश हो जाएगी खरीफ फसल की बोवनी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

तहसील क्षेत्र में अभी तक मानसून ने दस्तक नहीं दी है। मानसून पूर्व की हल्की बारिश के बाद रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात लगभग 10 मिनट बारिश हुई थी। कुल मिलाकर सोमवार प्रातः 8 बजे तक तहसील क्षेत्र में 25 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कम बारिश के बावजूद नगर सहित आसपास के कुछ किसानों द्वारा खरीफ फसल की बोवनी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उनका कहना है कि अब मानसून की बारिश एक दो दिनों में होना ही है जिससे बीज अंकुरण हो जाएगा।

# डॉ मुखर्जी के सिद्धांतों व दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान, भाजपा ने श्यामाप्रसाद की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल के समस्त मतदान केंद्रों पर डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। सभी स्थानों पर डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं द्वारा डॉ मुखर्जी द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण कराते हुए उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद बताया गया। वक्ताओं ने बताया कि कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुवे डॉ मुखर्जी ने कश्मीर में प्रवेश किया था जहां उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जेल में 23 जून को डॉ मुखर्जी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी।

### मीसा बंदियों का सम्मान आज

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 25 जून को आपातकाल काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा इसके लिए प्रभारी बिरमलाल मालवीय को बनाया गया है। वेदिया ने बताया कि इस दिन नलखेड़ा ब्लॉक के मीसा बंदियों का उनके घर पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया जाएगा।

### सराफा एसोसिएशन के सहयोग से मां बगुलामुखी रिसोर्ट पर सेमिनार आयोजित किया

# सराफा व्यापारियों को सेमिनार में नवीनतम कानूनों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





व्यापारी बंधुओं को जीएसटी, इनकम टैक्स, मनी लेंडिंग, धारा 411- 412 एवं बीआईएस हाल मार्किंग तथा एमसीएक्स वायदा एवं हाजिर में अपने व्यापार को सुरक्षित कैसे रखा जाए जैसे विषयों से संबंधित नवीनतम कानूनों की जानकारी एवं उनसे होने वाली भावी समस्याओं के संदर्भ में रविवार को नलखेड़ा में आयोजित सेमिनार में प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन एवं समाधान प्रदान किया गया।

मप्र सराफा एसोसिएशन एवं एमसीएक्स कमोडिटी एक्सचेंज मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में मप्र के सभी 55 जिलों में सराफा व्यापारियों के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को नलखेड़ा सराफा एसोसिएशन के सहयोग से मां बगुलामुखी रिसोर्ट नलखेड़ा पर सायं 7 बजे से सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा, सुसनेर, सोयत क्षेत्र के व्यापारी बंधुओं ने भाग लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। सराफा एसोसिएशन नलखेड़ा के अध्यक्ष हीरालाल सोनी एवं सचिव श्याम सुंदर मित्तल ने बताया कि आयोजित सेमिनार में अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित नवीन मुदभटकल मुंबई (एमसीएक्स) प्रवीण सिहंल सीए (जीएसटी, इनकमटैक्स), मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी आगर द्वारा धारा 411- 412 बीआईएस, हाल मार्किंग एवं मनी लेंडिंग जैसे विषयों से संबंधित नवीनतम कानूनों की जानकारी एवं उनसे होने वाली भावी समस्याओं के संदर्भ में उपस्थित सराफा व्यापारियों को जानकारी प्रदान कर मार्गदर्शन एंव समाधान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सराफा एसोसिएशन की ओर से स्वागत कर सम्मान किया गया वहीं सभी व्यापारियों का भी दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

### आगर में भी हुआ शिविर का आयोजन

प्रदेश महासचिव सोनी ने बताया कि सेमिनार की इसी कड़ी में सराफा व्यापारी संघ आगर के सहयोग से सोमवार को सायं 6 बजे से होटल मधुबन पर (आगर, कानड़, तनोड़िया, बड़ौद,पिपलोन) के सराफा व्यापारी बंधुओं के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र सराफा एसोसिएशन के संरक्षक एंव रतलाम सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक जी भरगट उपस्थित रहे। नवीन मुदभटकल मुंबई द्वारा वायदा एंव हाजिर में मुनाफा सुरक्षित रखने के संदर्भ में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रकीर्ण सिंहल चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जीएसटी एवं इनकम टैक्स के नवीनतम कानूनों की जानकारी उपस्थित व्यापारियों को दी। सराफा एसोसिएशन आगर के अध्यक्ष एवं मप्र सराफा एसोसिएशन के महासचिव देवीलाल सोनी द्वारा धारा 411-412 हालमार्क एवं मनी लेंडिंग के कानुनों के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे



**नलखेड़ा।** वंसुधरा को हरा भरा करने के लिए एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार से एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत तहसील क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण प्रारम्भ कर दिया गया है। जनसंघ के संस्थापक प्रखर वक्ता राष्ट्र की धरोहर डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश के आव्हान पर भाजपा द्वारा 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत संकल्प के साथ रविवार को की गई। अभियान अंतर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया द्वारा सपत्नीक अपनी मां स्व. रामप्यारी बाई की स्मृति में पीपल का पौधा लगाया गया। इस मौके पर उनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए इस पौधे की सुरक्षा एवं पेड़ बनाने का संकल्प भी लिया गया। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मोहनलाल नागर द्वारा भी अपनी मां रुक्मिणी देवी विष्णु प्रसाद नागर की स्मृति में अपने पूरे परिवार के साथ अपनी शॉप पर मीठी नीम का पौधा लगाया व भारतीय जनता पार्टी के संकल्प को पूरा करने का प्रयास किया।

## खबर संक्षेप

### बीएनपी ब्रह्मबन्धुत्व संस्था द्वारा सुंदरकांड पाठ

**देवास।** सुखद वर्षा की कामना हेतु बीएनपी ब्रह्मबन्धुत्व संस्था देवास द्वारा मानस भवन शिव मंदिर बीएनपी देवास पर श्री राधे राधे रामायण मंडल बीएनपी देवास द्वारा भजन एवं सुन्दरकांड का पाठ 23 जून को किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पं मुकेश जोशी, महासचिव मधुसूदन शर्मा, चन्द्रशेखर दुबे, रुपराम मिश्रा, जगदीश कानूनगो, अशोक चौबे, महेन्द्र शर्मा, महेन्द्र स्थापक, मांगीलाल तिवारी, राहुल शर्मा, राजकुमार शर्मा, आर एन शास्त्री, राधेश्याम तिवारी, राजेन्द्र पडित, महेन्द्र कुंडल, विष्णु शर्मा, श्याम शर्मा, डी एन समाधिया, मंदिर समिति के मधुसूदन यादव, देवकरण कारपेन्टर सहित बड़ी संख्या में विप्रबन्धुओं ने उपस्थित होकर सुन्दरकांड का पाठ किया एवं प्रभु श्री राम का स्मरण कर देश में सुखद वर्षा की कामना की।

### ब्रह्माकुमारीज संस्था ने मनाया मम्मा दिवस

**देवास।** ब्रह्माकुमारीज संस्था में मम्मा दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। जिसमें उनकी स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मम्मा दिवस के अवसर पर उनके जीवन और उनके संदेशों को समर्पित किया जाता है, जिससे लोग उनकी शिक्षाओं और आध्यात्मिक संदेशों से प्रेरित होते हैं।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# जिले में आंगनबाड़ियों के अच्छे रखरखाव व संचालन के लिए कलेक्टर ने की प्रशंसा

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि एसडीएम और जनपद सीईओ अपने क्षेत्र में स्टॉप डेम और पूर्व में बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का निरीक्षण करे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले के जिन तालाबों में दिसम्बर तक पानी रहता है, उनमें मछली पालन के लिए योजना बनाए। बरसात शुरू होते ही मछली पालन के लिए बीज तैयार कर लें। मछली पालन के लिए जिले में तालाबों का चिन्हांकन कर लें। तालाबों में मछली पालन के लिए युजर ग्रुप बनाए और स्व सहायता समूह को भी मछली पालन कार्य में शामिल कर ट्रेनिंग दें।गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में विभाग द्वारा आंगनवाड़ियों का अच्छे रखरखाव, संचालन, आंगनवाड़ियों में पोषण आहार का समय वितरण करने तथा कुपोषित बच्चों का इलाज करते हुए पोष्टिक आहार प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी भवनों का अच्छे एवं सुंदर ढंग से निर्माण किया गया, जो कि बहुत अच्छा कार्य है। इस कार्य की सरहाना करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी रेलम बघेल की प्रशंसा की। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि सभी एसडीएम और जनपद सीईओ अपने-अपने क्षेत्र में स्टॉप डेम और जहां पूर्व में बाढ़ आने से घटनाएं हुई है, वहां जाकर निरीक्षण कर लें और अभी से सभी आवश्यक तैयारियां कर लें। जहां बाढ़ आती है, उन स्थानों पर राहत शिविरों के लिए स्थान का चयन कर लिस्ट जिला मुख्यालय पर भेंजे। नगर निगम, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत कुछ स्थानों को चिंहित करके मियावाकी के तहत पौधरोपण की कार्य योजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधरोपण तो करें ही साथ ही पौधरोपण के पश्चात उनका रखरखाव भी करें, जिससे आने वाले समय में पार्क एवं घना जंगल के रूप में विकसित हो जाएं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रावासों को नियमित निरीक्षण करें तथा बोरिंग के पानी की जांच कर लें। नल जल योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिस ग्राम में नल जल योजना पूर्ण हो गई है, वहां योजना को हैंडओवर करने की कार्रवाई करें।

कलेक्टर गुप्ता ने पीएम सूर्य घर योजना, चलों निभाए अपनी जिम्मेदारी अभियान की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

# 1 लाख 67 हजार 860 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

### घर-घर जाकर पिलाई जा रही दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन बूथ पर पोलियो की दवाई से वंचित 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। अभियान के तहत सीएमएचओ डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्र के पोलियो बूथो का निरीक्षण किया और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथ पर पोलियो की दवाई से वंचित बच्चों को घर-घर जाकर दल द्वारा पोलियो की दवाई पिलाई जा रही है। दो सदस्य पोलियो टीम द्वारा निर्धारित माईक्रोप्लान अनुसार बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन, नवनिर्माण स्थलों, ईंट भट्टे, क्रेशर खदान, स्लम बस्ती, झुग्गी-झोपड़ी व खेत खलिहान, तथा आद्योगिक क्षेत्र में पोलियो की दवाई पिलाई जा रही है। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए सुपरवाईजर भी नियुक्त किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिले मे तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है।

प्रथम दिवस पोलियो बूथ पर दवा पिलाई दूसरे दिवस टीम ने घर घर जाकर बच्चों को पोलियो कि दवा पिलाई गई। सीएमएचओ डॉ मिश्रा ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान में दो दिवस में 1लाख 67 हजार 860 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित ना रह जाये । इसके लिए तीसरे दिवस भी टीम फील्ड में घर - घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।इस कार्य में आमजन भी सक्रिय रूप से सहयोग करें । अभिभावक अपने जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो कि दवा अवश्य पिलवाएं।

# मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



राज्य स्तरीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप इन्दौर में 22 एवं 23 जून को आयोजित की गई। मिनी गोल्फ एसोशियन के जिला अध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि देवास जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर्ष सोनी एवं अमित चौहान ने डबल में गोल्फ मेडल टीम को दिलवाया।

इसी प्रकार जसप्रीत सिंह ढिल्लों, मन्नत कराडिया, तनशी जैन, वैष्णवी बंसोड, कनक जैन, आभा बैरागी, प्रिया वर्मा, रिद्धीमा राठौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। श्रेयांश कुमावत, विशाल रजवानी ,प्रथम मालवीय, नैतिक जैन आद्विती गोपनारायण एवं राधिका राठौर ने कास्य पदक प्राप्त किया ।

टीम के कोच पंकज वर्मा, रागिनी चौहान थे। देवास जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन की संरक्षक डॉक्टर कोमल जैन एवं राजीव श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का सम्मान किया। खिलाड़ियों की सफलता पर मनोज राजनी, योगेश द्विवेदी, पवन यादव, निरंजन यादव आदि ने बधाई दी।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, धुएं के साथ उठी लपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



जिला न्यायालय परिसर के पास एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर से काले धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और एमपीईबी के अधिकारियों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि डीपी में आग लगने की सूचना के बाद करीब आधे घंटे तक दमकल मौके पर नहीं पहुंची, जिसके कारण आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। डीपी के सामने ही कुछ गैरेज और अन्य दुकानें संचालित होती हैं। समय रहते यदि आप पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूर से ही आग जलती हुई नजर आ रही थी। डीपी में जब आग लगी तब उसमें विस्फोट भी होता रहा। इधर, नगर निगम फायर डिपार्टमेंट के प्रतीक शर्मा ने बताया कि हमें कंट्रोल रुम पर मिली आग की सूचना के बाद हम यहां 10 मिनट में पहुंच गए थे। संभवतःशार्ट सर्किट से आग लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है।

# देश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र घोषणा की कामना के साथ अमरनाथ यात्रियों का दल हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



जम्मू कश्मीर की बर्फीली पर्वत श्रंखलाओं मे अमरनाथ गुफा पर बाबा बर्फानी का बड़ा प्राकृतिक स्वरूप प्रकट हो गया है। देश प्रदेश की उन्नति और हिंदू राष्ट्र की घोषणा की कामना लेकर 27 वर्षो से लगातार बाबा बर्फानी के सर्वप्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने वाले शिवशक्ति सेवा मंडल के युवा शैलेन्द्र सिंह गौड़ (डॉ. नानू) के नेतृत्व में 24 जून, सोमवार को 8 यात्रियों का पहला जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भोले की फौज करेगी मौज का नारा लगाते के साथ रवाना हुए। प्रतिवर्ष अमरनाथ यात्रियों को फार्म, पंजीयन, मेडिकल फिटनेस एवं अन्य जानकारियां उपलब्ध करवाकर श्रद्धालुओं को प्रेरित करने वाले गौड़ ने बताया कि जिले में लगभग 2000 एवं सम्पूर्ण देश में अभी तक 4 लाख से अधिक दर्शनार्थियों का पंजीयन हो चुका है। अमरनाथ यात्रा पर जा रहे शैलेन्द्र सिंह गौड़ सहित जत्थे में शामिल अंकुश जाधव, आशु कौशल, हैप्पी सोनी, अमन पटवा, रितेश चावडा, दीपक मालवीय, अरूण राठौड का स्वागत सुभाष चौक पर शिवशक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा पुष्पमाला से किया गया। सभी यात्रियों ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पर दर्शन कर अपनी यात्रा प्रारंभ की। अतुल बागलीकर, उपाध्यक्ष शेखर कौशल मेहरवान ठाकुर ,रवि कसेरा ने भगवा गमछे पहनाकर सभी यात्रियों का सत्कार किया।

### सोयाबीन बोवनी में जुट गए किसान



**चापड़ा।** शनिवार एवं रविवार रात्रि में हुई बारिश के बाद सोमवार को किसानों ने सोयाबीन बोवनी शुरू कर दी है। चापड़ा क्षेत्र में बोवनी के लिए अच्छी बारिश का इंतजार किसान कर रहे हैं। सोमवार को सुबह 11 बजे से बोवनी जूट गए,ओर नई उम्मीद उमंग के साथ पुजन कर बोवनी प्रारंभ की। हालांकि सोमवार को उमस भी बहुत थी, कुछ किसानों के यहा ट्रेक्टर होने से कम समय में बोवनी कर ली जाती है।महंगाई के दोर में अधिक उत्पादन के लिए सोयाबीन की नई नई वैरायटी के बीज की ओर किसानों का रूझान अधिक नजर आ रहा है। 1135 एवं डबल डालर वैरायटी बोवनी किसान अधिक कर रहे हैं।

### रोजगार मेले का आयोजन 26 को

**देवास।** जिला रोजगार अधिकारी देवास ने बताया कि जिले युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 26 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आई.टी.आई. परिसर विकास नगर चौराहा देवास किया जायेगा। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण आवेदक भाग ले सकते है। आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, बायोडाटा, रोजगार पंजीयन के साथ मेले के माध्यम से निजी संस्थाओं में नौकरी प्राप्त करने के अवसर का लाभ लें। मेले में देवास, इन्दौर, पीथमपुर से व्ही.ई.कमर्शियल, जीजी ऑटोमेटीव, क्योस कारर्पोरेशन, सनफार्मा लेब्रोरेटरी, टाटा प्रोसीजन, भारतीय जीवनबीमा निगम, आर.के कम्बाईन, बीएबल इन्दौर सहित अन्य कम्पनियों शामिल होगी।

# अतिक्रमण हटाने की सूचना से लोग चिंतित

### एसडीएम कार्यालय बागली से आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶चापड़ा

चापड़ा चौराहे के चारों मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई संबंधित एक प्रशासनिक आदेश आने के बाद सभी की चिंता बड़ गई है। हालांकि किस उद्देश्य को लेकर अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जा रही है, अभी यह स्पष्ट नहीं है। जानकारी अनुसार एसडीएम कार्यालय बागली से आदेश जारी हुआ है।

मुख्य मार्गो के बीच घेरे से हाटपिपल्या - बागली मार्ग पर 35 फीट, नेमावर इंदौर रोड़ पर 40 फीट अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होना बताई जा रही है, जिसको लेकर राजस्व विभाग के अमले द्वारा सोमवार के दिन चारों मार्गों पर नपती कर जगह चिन्हित की गई हैं। जगह चिन्हित होने के बाद चौराहे पर कई प्रकार की चर्चाओ का दौर शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है किस उद्देश्य को लेकर यह कार्रवाई कि जा रही है। साथ ही उक्त कार्रवाई कितनी निष्पक्ष व नियमों अनुसार होगी, इसको लेकर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं। हाटपिपल्या - बागली मार्ग पर अधिक नुकसान होगा, क्योंकि सभी दुकानें व मकान मार्ग के समीप है ओर इस मार्ग पर कई प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण भी है, देखना यह होगा की इनका भी अतिक्रमण हटता है या नहीं,या यह कार्रवाई यही रुकतीं है,यह तो समय पर ही पता चलेगा। हालांकि अभी तो सभी को जगह चिन्हित करने के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे, उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी।

### वादों को याद दिलाने प्रदेश सचिव के नेतृत्व में शुरू हुआ अभियान

# युवा कांग्रेस चला रही क्या हुआ तेरा वादा पोस्टकार्ड अभियान






हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिग्विजयसिंह झाला के नेतृत्व में लोकसभा प्रभारी शादाब खान के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय जो वादे किए थे। वो अभी तक पूरे नहीं किए गए अब बताएं कि ढाई लाख युवाओं को सरकारी नौकरी कब मिलेगी, प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार कब मिलेगा, 1.3 करोड बहनों को पक्के आवास कब दिए जाएंगे। किसानों को गेहूं, धान की खरीदी की न्यूनतम राशि कब घोषित की जाएगी। नर्सिंग घोटाले में लिप्त दोषियों पर कार्यवाही कब की जाएगी। आपके द्वारा किए गए वादों के अलावा युवाओं की मांग के अनुसार सरकारी नौकरियों का परीक्षा शुक्ल कब माफ किया जाएगा। उक्त वादों की वादा खिलाफी न हो इसलिए युवा कांग्रेस ने क्या हुआ तेरा वादा पोस्टकार्ड हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया है। भाजपा सरकार के खिलाफ यह अभियान लगातार दो महीनों तक वार्ड, ग्राम पंचायत से प्रारंभ होकर प्रदेश स्तर तक चलाया जाएगा। इसका प्रथम चरण 18 से 25 जून, दूसरा चरण 30 से 2 जुलाई, तीसरा चरण 7 से 15 जुलाई, चौथा चरण 18 से 30 जुलाई और अंत में 7 से 15 अगस्त के मध्य मुख्यमंत्री के निवास का घेराव भी किया जाएगा। प्रथम चरण में सयाजी द्वार से नावेल्टी चौराहा तक पोस्टकार्ड हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन हिम्मतसिंह चावड़ा ने किया तथा आभार अतुलसिंह राजपूत ने माना। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, नरेन्द्र यादव, विश्वजीतसिंह चौहान, डॉ. मंसूर शेख, सुधीर शर्मा, संजय कहार, जितेन्द्रसिंह मोंटू, चंद्रपालसिंह सोलंकी, राहुल पंवार, राजेश राठौर, कुदुस शेख, विक्रम धाकड़, वसीम हुसैन, साधना प्रजापति, विजयसिंह चौहान, रोहित अंधेरिया, अमितेश पांडे, महेन्द्र सिंह, संजय मालवीय, शकील लक्की, रितेश सोनी, तोहेल खान, आयुष श्रीवास, दीपक शर्मा, अमित दुआ, मनीष जोशी, प्रवीण मुचंडीकर, अमन श्रीवास, अभय मिश्रा, अभयसिंह, प्रतीक दुबे, रोहितसिंह, दीपेश प्रिंटर, मुकेश धाकड़, प्रभातसिंह, राहुल ठाकुर, दरितेश राजोरिया, अंकित अमझेरिया, दीपक बैरागी कालू, शुभम सिसोदिया, महेश सोनी, शाहरूख, हर्षित गौर, अक्षय गरासिया एवं युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### 12 वर्षीय शशांक ने साधार्मिक विधि से नव्वाणु यात्रा पूर्ण की



**आष्टा।** नगर के अमृतलाल -डाली डागलिया के एक मात्र 12 वर्षीय सुपुत्र शशांक डागलिया ने नव्वाणु यात्रा पूर्ण साधार्मिक विधि के साथ अपनी यात्रा 48 दिन मैं पूरी की। जिसके उपलक्ष्य में परिवार द्वारा 23 जून रविवार को श्री मालव गिरनार नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दिवंगत माणकचन्द कमला बाई के सुपौत्र एवं अमृतलाल -डाली डागलिया के सुपुत्र शशांक डागलिया ने नव्वाणु यात्रा 48 दिनों में 108 बार करके बहुत कम आयु में अपना जीवन धन्य बनाया है। वहीं अपने परिवार व जिन शासन की शोभा बढ़ाते हुए इतिहास रचा है। स्नेहीजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा इस तपस्वी का बहुमान 23 जून को सुबह 11 बजे किला मंदिर पर किया जाएगा।

### योग समस्त साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना : डॉ. मिश्रा

**आष्टा।** योग समस्त मोक्ष साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना है। सामान्य लोग आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है, लेकिन योग का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिये योग को अपनाना चाहिए। यह बातें शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा ने कहीं। इस दौरान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### पल्स पोलियो के साथ दस्तक अभियान अभियान की भी हुई शुरुआत

# पल्स पोलियो केंद्रों को सजाकर पांच वर्ष के बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की





आष्टा शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

प्रदेश में बच्चों को दोहरी सुरक्षा देने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके लिए नगर की सभी आंगनबाडी केंद्रों पर जन्म से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी पिलाई गई। पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ वार्ड क्रमांक 1 और 13 से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नागरिकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में भाग लेकर अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण के लिए नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर पहुंचकर अभियान



को सफल बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर पार्षद डॉ सलीम खान, चिकित्सक जेडी सोनी, जुगलकिशोर मालवीय, किशोरीलाल कुशवाह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद थी।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**जावर।** आंगनबाड़ी केंद्र बमुलिया रायमल में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवाई पिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया और साथ ही फुलों की रंगोली बनाई। बच्चों को बिस्कुट, चाकलेट वितरण किए गए और यह पोलियो अभियान 3 दिनों तक चलेगा। जिसके लिए 2 केंद्र बनाए गए है। आंगनबाड़ी, और गांव के राम मंदिर में पोलियो की खुराक पिलाई गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा ने बताया कि पोलियो की खुराक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जा रही है। कोई भी गांव में 0 से 5 वर्ष के बच्चे बच्ची छुटना नहीं चाहिए। अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियों की खुराक हर बार दिलाएं ऐसी लोगों से भी अपील की। हम लोग मिलकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं घर घर जाकर भी पोलियो की खुराक पिलाएंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा, सहायिका सुनिता, आशा कार्यकर्ता निकिता ठाकुर, आशा कार्यकर्ता अनीता ठाकुर ने मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र एवं राम मंदिर पर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई और सबसे अपील कि सभी अपने अपने बच्चों को 2 बुन्द पोलियो की खुराक पिलाए।

### वार्ड 18 में पिलाई पोलियो की दवा

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्र.18 आष्टा में वार्ड की पार्षद लता तेजपाल मुकाती द्वारा बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई।पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए मध्यप्रदेश में 23 से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आष्टा के वार्ड 18 में भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।जिसमे वार्ड पार्षद लता तेजपाल मुकाती सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

### विधायक ने अभियान का किया शुभारंभ

सिविल अस्पताल आष्टा मे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा पल्स पोलियो अभियान और दस्तक अभियान का शुभारम्भ बच्चों को पोलियो कि दो बून्द पिलवाकर किया गया। इसी के साथ ही विधायक ने उपस्थित समस्त नागरिक गण से पल्स पोलियो अभियान के संबंध मे सपथ दिलाई। इस दौरान सिविल अस्पताल का स्टाफ उपस्थित था।

# रख रखाव के बाद भी घंटों गुल रहती है बिजली

### विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी



**जावर।** जगह-जगह इस तरह खराब हो रहे बिजली के तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

वही गांव क्षेत्र में रोजाना केबल का जलना होता रहता है और केबल की यह हालत हो गई है कि जगह-जगह बिजली के कर्मचारियों ने केबल के टुकड़े कर कर जोड़ लगाकर कहीं जगह कट कर दिए हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और गांव क्षेत्र में बमुलिया रायमल में रोजाना केबल में आग लगती है और केबल झूल रही है।

गांव क्षेत्र में कि करीब जमीन से सिर्फ 5 से 10 फीट ऊंची ही रह गई है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन बिजली कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं सिर्फ थोड़ी सी अवधि में लाइट बंद कर देते हैं गांव क्षेत्र में रोजाना केबल में आग लग जाती है तो कभी फाल्ट हो जाती है केवल की यह हालत हो गई है कि पूरी तरह नष्ट हो गई है और अब बारिश का समय आ गया है केई जगह करेंट। का डर लगा रहता है गांव में ट्रान्सफार्मर के नीचे झुलसते है तार हो सकता है बड़ा हादसा अभी एक दिन पहले 2 मवेशी को लगा था करंट। ग्राम बमुलिया रायमल में विगत 2 वर्षों से लाइनमैन स्टाफ की कमी होने से ग्रामीण जन हो रहे हैं परेशान है।

ग्राम बमुलिया रायमल में आए दिन केवल जलती है ग्राम के दिनेश शर्मा ने बताया कि विगत 2 वर्षों से लाइनमैन नहीं होने से रात में केवल जलती है तो कोई जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते हम कमल सिंह जो स्टाफ हेल्पर है उसे बोलते हैं तो वह कहता है कि मैं अकेला हूं और 6 गांव मेरे अंदर इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन है की कम से कम दो लाइनमैन की व्यवस्था करें गांव में दिन भर बिजली रहती है गुल तो कभी रात भर 1 स्टाफ हेल्पर के भरोसे 6 गांव बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा गांव वालों को भुगतना पड़ रहा है।

### दोपहर बाद बारिश ने दी राहत



**आष्टा।** शनिवार सुबह से दोपहर तक उमस और गर्मी से लोग परेशान रहे। लेकिन दोपहर 3 बजे बाद अचानक मौसम बदला और झमाझम बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। बता दे कि शुक्रवार से आष्टा क्षेत्र में मानसून की एंट्री के बाद बारिश का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को जहां 2 घंटे बारिश हुई थी तो वहीं शनिवार को 3 बजे बाद मौसम बदला और करीब 1 घंटे झमाझम बारिश हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। शनिवार को भी बारिश से लोगों को गर्मी से भी राहत मिली और मौसम भी सुहावना हो गया। इधर किसानों ने बोवनी कार्य शुरू कर दिया है। अब 10 से 15 दिन किसान बोवनी कार्य में ही लगे।

# गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जाने वाली निजी भूमि को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा के भंवरा,भंवरी,बागेर क्षेत्र में गेल इंडिया प्लांट लगाने की दी गई स्वीकृति के बाद इस प्लांट में जिन किसान भाईयों की कृषि भूमि को प्लांट हेतु लिये जाने के लिये चिन्हित की गई है। उसको लेकर किसान तैयार नही है। इसको लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौपा था।

तथा उक्त कई ग्रामो के किसान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से भी मिले थे तथा अपनी भावना से विधायक को अवगत कराया था। तब विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने क्षेत्र के किसानों को कहा था कि आपकी पीड़ा,आपकी समस्या, आपकी भावना को लेकर में जल्द ही



मुख्यमंत्री से मिलूंगा । इसी के तहत आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुच कर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले एवं गेल इंडिया प्लांट में जिन किसान भाइयों की निजी भूमि चिन्हित की उनकी पीड़ा,उनकी भावना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और हम किस तरह से हमारे किसान भाइयों के हितों की रक्षा कर उनकी भावना का सम्मान करते हुए क्या कर सकते है को लेकर विस्तार से चर्चा कर इस क्षेत्र के किसानों को मुख्यमंत्री जी से मिलाने,चर्चा कराने की बात तय की गई। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि मुख्यमंत्री जी स्वयं किसानों से भेंट कर उनसे चर्चा करेंगे,उनकी भावना को सुनेंगे । बताया गया कि जल्द ही विधायक आष्टा किसान भाईयों को भोपाल ले जा कर मुख्यमंत्री से मिलवाएंगे ।

### टीम ने किया निरीक्षण

**आष्टा।** नगर में शनिवार को पशु चिकित्सालय के प्रमुख यूए माहेश्वरी व डॉक्टर राजपूत ने अपनी टीम को निर्देशित कर आष्टा नगर में स्थित शमसान के पास बनी मां पार्वती धाम गोशाला का निरीक्षण कराया। इस दौरान गो माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्ष के दौरान कुछ गो माताओं का उपचार भी किया। इस मौके पर उपस्थित पशु चिकित्सालय के गो सेवक रमेश चंद, करण गोस्वामी, पीयूष गोस्वामी, मां पार्वती धाम गोशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, उपाध्यक्ष किरण दीदी, विशेष सहयोगी विपिन सिंघी, रवि कामरिया, मां पार्वती धाम गोशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे।

# शिक्षा के हाल बेहालः भवन के अभाव में आंगनबाड़ी में तो कहीं ग्राम पंचायत में संचालित हो रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के हाल बेहाल है। क्षेत्र के स्कूलों के हालात यह है कि कहीं शिक्षक नहीं है कही बच्चों को बैठने के भवन नहीं है। जिससे छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को इन सब बातो से कोई मतलब नही है। 15 जून से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो चुका है।

18 जून से 20 जून तक पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई स्कूलों को भवन के अभाव में आंगनबाड़ियों में लगाया जा रहा है तो कही पंचायत भवन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। कई स्कूलों में बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है, कहीं टॉयलेट नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों की स्थिति बद से बद्तर है। लेकिन शिक्षा




विभाग के जिम्मेदारों का इस और ध्यान नहीं है। वही ग्राम रामपुरा कला के माध्यमिक शाला में 120 बच्चे अध्ययनरत हैं लेकिन उनको पढ़ने के लिए स्कूल में दो ही शिक्षक हैं। जबकि 20 से 30 बच्चों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है। ग्राम रामपुरा के सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे गांव में माध्यमिक शाला में 120 बच्चे पढ़ते हैं। जिन पर दो ही शिक्षक है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रवाहित हो रही है। हमारी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग है की हमारे स्कूल में बच्चों के मान से शिक्षकों की नियुक्ति की जाए जिससे बच्चों की अच्छी पढ़ाई हो सके।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान की शुरुआत सीहोर जिले के दोराहा मंडरल अध्यक्ष भाजपा सुरेश विश्वकर्मा अभियान के मण्डल प्रभारी राकेश पटेल ने ग्राम पाटन से की ओर गांव के लोगों ने बढ़ती गर्मी को देखकर इस साल पेड़ लगाने पर विशेष ध्यान देने का मन बनाया और इसकी शुरुआत



गांव के शिवमन्दिर पर पेड़ लगाकर की। कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण को फिर से हरा-भरा करना है। इस अवसर पर ग्रामीण गौतम पनवासिया ने बताया कि हमे हर साल वृक्षारोपन करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वातावरण देना चाहिए। कार्यक्रम में जगन्नाथ वर्मा, मथुराप्रसाद पटेल, गब्बर वर्मा, सुनील जराती, रामचरण वर्मा, राधेश्याम मडलोई, कैलाश साहू, अमरसिंह, पटेल, विनोद वर्मा उपस्थित रहे।

### प्रतिदिन सुबह शाम लग रही धार्मिक कक्षा, श्रावक-श्राविकाएं ले रहे स्वाध्याय का लाभ

# व्यक्ति का मन बहुत खतरनाक होता हैः ब्रह्मचारी संजय भैय्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पंचेन्द्रीय के विषय भोग हर स्थिति में दुखकर एवं कष्टकर होते हैं। जैसे- जैसे यह विषय भोग हमें प्राप्त होते जाते हैं, उनमें हमारी अशक्ति बढ़ती जाती है।एक एक इन्द्रिय में रम कर व्यक्ति अपना सम्पूर्ण जीवन समाप्त कर देता है ओर मरण हो जाता है। व्यक्ति का मन सबसे ज्यादा खतरनाक होता है,मन की भूख कभी पूरी नही होती है।मोक्ष में आकुलता नही होती है।

उक्त उदगार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहे दस दिवसीय मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज आध्यत्मिक ज्ञानार्जन शिविर के अवसर पर आचार्य पूज्यपाद द्वारा रचयित महान ग्रन्थ इष्टोपदेश की वाचना करते हुए ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहीं।




उन्होंने बताया कि इक्षाएं जितनी ज्यादा होगी ,उतनीजिन कार्यो से आत्मा का भला होता है उनसे शरीर का भला नही होता।जिनसे शरीर का भला होता हो ,उनसे आत्मा का भला नही होता । संजय भैय्या ने कहा ध्यान चार प्रकार का बतलाया गया है ।आर्त ध्यान, रौद्र ध्यान,धर्म ध्यान,शुक्ल ध्यान।

धर्म ध्यान से ही चिंतामणी रत्न की प्राप्ति हो सकती है। आत्म कल्याण की भावना रखते है तो आप चिंतामणि रत्न की ओर आगे बढ़ रहे है। यदि संसार की ओर ध्यान है, आकांक्षा है तो खली का टुकड़ा प्राप्त करने की ओर है । हमारा ध्येय होना चाहिए कि जो कि उचित नही है ,उसे ग्रहण नही करें। ऐसे व्यक्ति से दूर रहे। ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति को चिंतामणि रत्न को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। 24 को परीक्षा आयोजित होगी दस दिवसीय उक्त शिविर का समापन 23 जून को होगा। अगले दिन 24 जून को शिविर में भाग लेने वाले सभी श्रावक - श्राविकाओं की परीक्षा होगी। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया जाएगा।

# कराते की बेल्ट परीक्षा में बच्चों को मिला यलो बेल्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मास्टर ऑफ ताऊ एसोसिएशन द्वारा बजरंग कॉलोनी सीहोर में कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। पंकज चौधरी ने बताया कि इस बेल्ट के लिए बच्चों ने 3 महीने तक मेहनत की थी। जिसमें इशिता रणकौशल, अंशीत सिंह राजपूत, श्लोक जामलिया, यशराज सिंह ठाकुर, आदर्श वर्मा, नवीन भदोदिया, वैभव गयाङ अनमोल जवरिया ने येलो बेल्ट प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष हैम रायसिंह मेवाड़ा नगर पंचायत कोठरी अध्यक्ष नागिन राधेश्याम दलपति पार्षद मनीष दिनेश जी चौधरी आदि ने उपलब्धि पर बधाई दी।

## पोलियो की दवा पिलाने जिले में 1654 बूथ बनाए, 58 मोबाइल टीमें भी की गईं तैनात

# जो बच्चा जहां मिला उसे वहीं पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत पोलियो मुक्त भारत की अवधारणा को लेकर स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला 23 जून को अभियान को सार्थक करने में जुटा रहा। जन्म से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा पोलियो दवा पीने से वंचित न रह जाए इसके लिए समूचे जिली में 165 बूथ बनाए गए थे, जहां बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 2 लाख 23 हजार बच्चों को पोलिया की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के तहत 23 जून के साथ ही 24 एवं 25 जून को भी मैदानी अमला कार्य करता रहेगा। जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को कल जहां बूथों पर दवा पिलाई गई थी वहीं आगामी दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर हर्ष दीक्षित के हाथों एक दिन के बच्चे को पोलियो की दवा पिलवाई गई। इसके पूर्व जिला अस्पताल में बाकायदा विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. वाडीवा, सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, डॉ. आर.एस. परिहार, डॉ. मित्तल सहित नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य उपस्थित थे।





### पूरे जिले में बनाए गए 1654 बूथ

*अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जिले में कुल 1654 बूथ बनाए गए। इनमें 1149 बी-टाईप के बूथ एवं 505 सी-टाईप के बूथ शामिल हैं। सी-टाईप वाले बूथ के कर्मचारी आज सोमवार और कल मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाने जाएंगे।*

### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भी टीमें तैनात

*निष्चित स्थानों पर बूथ बनाकर बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने 58 मोबाइल बूथ भी बनाए थे। इन बूथों की टीमों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्कों, मेला ग्राउण्ड समेत हर सार्वजनिक स्थल पर पहुंचकर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों की पहचान की और उन्हें परिजनों की सहमति से पोलियो की दवा पिलवाई।*

### मॉनिटरिंग के लिए बनाया कन्ट्रोल रूम



*संपूर्ण अभियान की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर एक मॉनिटरिंग कक्ष बनावाया गया। अभियान से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या कोई अप्रिय स्थिति से निपटने इस कन्ट्रोल रूम के लिए एक नंबर भी सार्वजनिक किया गया। कन्ट्रोल रूम का नंबर 74708-20887 है।*

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री टेटवाल ने किया

*सारंगपुर में भी दो बूंद जिंदगी की पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए 23 से 25 जून तक पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ हुआ, बच्चों को डबल सुरक्षा देने के लिए सभी जिलों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को ९दो बूंद जिन्दगी की९ देने के लिए प्रदेश भर में अभियान की शुरुआत की गई । इसी के तहत रविवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने करते हुए कहा की नौनिहालों को पोलियो की खुराक हर बार नजदीकी पोलियों बुध में जाकर दो बूंद जिंदगी की जरूर पिलाएं। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें। प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक आयोजित किया जायेगा। वही सारंगपुर ब्लॉक में 40250 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, सीबीएमओ डॉ.धनजीत बड़ोदिया,डॉ मनीष चौहान,दीपक पुष्पद,अरुण दीक्षित, रामबाबू पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।*

**धरातल से मजदूर और कार्य दोनों गायब**

## भ्रष्टाचार: मगराना पंचायत में कागजों में मजदूर

**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में अपवाद स्वरूप कुछ पंचायत को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी ग्राम पंचायतों में शासन की योजना कागजों में चल रही हैं या फिर नाममात्र का कार्य बताकर भारी भरकम राशि का स्टीमेट, टीएस कराकर इंजीनियर एवं एसडीओ से मिलीभगत कर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। किसी भी ग्राम पंचायत का पंचायत दर्पण पोर्टल खोलकर देखा जाए तो पोर्टल पर योजनाओं का नाम तथा उनके फोटो और स्थान तथा लागत राशि सबकुच ऑनलाइन दिख रही है। लेकिन धरातल पर जाकर देखें तो जो काम ऑनलाइन दर्शाया है वह मौके नाममात्र है या किसी पुराने काम को अपना बताकर शो किया जा रहा है।

**न ऑडिट न चैकिंग :** ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव रोजगार सहायक संबंधित इंजीनियर शासकीय धनराशि का गवन करने में इतने निडर हैं कि उनको किसी का कोई डर नहीं है। ग्राम पंचायतों में इन जोड़ी ने ऐसे ऐसे कमाल कर दिए जिसे आडिटर या जनपद स्तर का चैकिंग स्टाप आसानी से पकड़ सकता है, किंतु ऑडिटर और पंचायत विभाग भी भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। इन योजना में बड़ी गड़बड़ी ग्राम पंचायतों के माध्यम से नंदनवन, परकुलेशन टैंक,मेडबंधन,खेत तालाब, निर्मल नीर,सोकता गड्ढा, तालाब गहरीकरण, पुराने कुएं बावड़ीयो की मरम्मत आदि कई प्रकार की योजनाओं में इतनी मनमानी हो रही है कि वर्षो पुराने कुएं जिन पर पहले से विद्युत कनेक्शन हैं ऐसे कुएं कपिलधारा योजना में नए स्वीकृत कर मस्टर जारी कर दिए हैं ऑनलाइन मस्टर दिख रहे हैं। धरातल पर कुआं पक्का बना हुआ है।

**सरपंच के अधिकार का भी हो रहा हनन:** सारंगपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली मगराना ग्राम पंचायत में कागजों में मजदूर और पुराने काम को नया काम बताकर लाखों रुपए की हेराफिरी करने का माजरा सामने आया है जानकारी के बाद इस पंचायत में यह स्पष्ट हो गया की बाकी 88 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की भौतिक जांच हो जाए तो इनके काले कारनामे उजगार हो सकतें हैं। अब देखना यह हैं की क्या इस और जिम्मेदार कुछ कार्यवाही करेंगे या ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी मिली है। मैं आज बाहर हूं। इंजीनियर को भेजकर जांच करवाएंगे।

**प्रमोद कुमार सिंह**
जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर।

## जिस प्रसूता को गंभीर बताया उसी की इकलेरा में नार्मल डिलेवरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल की डिलेवरी विंग कभी अपनी लापरवाहियों तो कभी मरीजों से पैसे लिए जाने के चलते शुरू से विवादों में रही है। यहां के पूरे स्टाफ को कई बार बदल दिया गया, लेकिन कुछ दिनों तक सबकुछ ठीक-ठाक चलने के बाद वापस से पुराने जैसे हालात निर्मित होने लग जाया करते हैं।

दो ताजा मामलों में डिलेवरी विंग में जिन दो प्रसूताओं को महिला चिकित्सकों ने क्रिटिकल केस (गंभीर) बताया, उन्हीं प्रसूताओं की बाद में नार्मल डिलेवरी हो गई। गंभीर मामलों में नार्मल डिलेवरी होने के भी पूर्व में कई मामले राजगढ़ जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग में सामने आ चुके हैं।

**केस -1**

*बिंदू पत्नी राजेश गौड़ निवासी ग्राम देवखेड़ी तहसील ब्यावरा को शनिवार को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। महिला चिकित्सक द्वारा चेकअप के बाद कहा गया कि अभी पूरे दिन नहीं हुए हैं (प्रीमेच्योरिटी) ऐसे में मामला गंभीर है। बाद में बिंदूबाई को रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इकलेरा ले गए जहां के सरकारी अस्पताल में बिन्दूबाई की नार्मल डिलेवरी हो गई और उन्हें स्वस्थ बालिका शिशु को जन्म दिया।*

**केस -2**

*राजगढ़ निवासी प्रसूता जया भिलाला को भी जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जयाबाई को भी पहले गंभीर केस बताते हुए बाहर ले जाने की सलाह दी गई। इन्हीं जयाबाई की बाद में जिला अस्पताल में नार्मल डिलेवरी हो गई।*

**दो बाइकें टकराने से हुआ हादसा**

## राजगढ़ के व्यापारी की पचोर के निकट हादसे में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ निवासी एक युवा व्यापारी की शनिवार देर रात्रि पचोर के नजदीक हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। मृतक व्यापारी के बेटे को भी घटना में चोंट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार मूलतः पपड़ेल निवासी अजय गुप्ता राजगढ़ में संजय विजयगर्वी के यहां किराने की दुकान संचालित करते थे। शनिवार रात्रि करीब 8.30 बजे ये अपने बेटे के साथ पचोर क्षेत्र में थे। यहां हाईवे पर नेवज के पुल के समीप वाईन शॉप के पास इनकी बाईक सामने से आ रही दूसरी बाईक से टकरा गई। दुर्घटना में अजय गुप्ता की मौत हो गई वहीं बेटे को भी चोंट आई है। ईष्वरीय कृपा से दूसरी बाइक पर सवार भी हादसे में सुरक्षित बचे हैं। पचोर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### वाहन की टक्कर में अज्ञात व्यक्ति की मौत

उक्त हादसे के कुछ समय बाद पचोर रेलवे स्टेशन के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में संबंधित व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। रविवार दोपहर तक भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पचोर पुलिस मामले में जांच में लगी हुई है।

## मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना के 3 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

### जल संसाधन के चीफ इंजीनियर ने जारी किया आदेश



**राजगढ़।** जिले की दशा और दिशा बदलने में अहम भूमिका निभा रही मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं का कार्य देख रहे तीन अधिकारियों को विभाग ने प्रमोट किया है। इन परियोजनाओं के कार्य को गति देने और कार्यपूर्णता उपरान्त सफल संचालन के लिए जल संसाधन विभाग ने पदोन्नति आदेश जारी कर अतिरिक्त प्रभार सौंपे हैं। मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासन विकास राजोरिया को अतिरिक्त परियोजना संचालक (अधीक्षण यंत्री) बनाया गया है। इनके साथ ही शुंभकर विश्वास को भी अतिरिक्त परियोजना संचालक के रूप में पदोन्नति दी गई है। इसी तरह सहायक प्रबंधन संदीप दुबे को परियोजना प्रबंधक बनाया गया है। जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता ने तीनों अधिकारियों की पदोन्नति के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

### अन्य राज्य और दूसरे देश भी अपना रहे हैं पद्धति

आपको बतादें कि अकेले मोहनपुरा सिंचाई परियोजना से जिले करीब 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य है जो लगभग-लगभग पूरा होने में है। आगामी रबी सीजन में यह परियोजना अपने सौ फीसदी लक्ष्य को पाने जा रही है। न केवल भारत के अन्य राज्य बल्कि दूसरे देश भी भारत की पहली प्रेशराईज्ड सिंचाई परियोजना को अपने देशों में अमल में ला रहे हैं।

### मंदिर के समीप सड़क किनारे तंवर समाज ने किया पौधरोपण

**राजगढ़।** कालीपीठ रोड पर बाबा रामदेव मंदिर के नजदीक तंवर समाज के पदाधिकारियों द्वारा पौधरोपण करवाया गया। इस दौरान मंदिर के समीप के क्षेत्र व सड़क के किनारे विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे गए। इस अवसर पर समाज जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, संत कैलाश त्यागी, जिपं सदस्य रमेश तंवर, सहायक अध्यापक प्रेमसिंह तंवर, राधाकृष्णन सहित अन्य उपस्थित थे।

**20 जून को जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुरिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था**

## भोजपुरिया जमीनी हत्याकांड मामले में पुलिस ने दबोचे सात आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम भोजपुरिया में जमीनी विवाद में हुए संघर्ष में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरअसल गत 20 जून को जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुरिया में जामीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमें एक पक्ष के रामजीवन, भगवान सिंह, अर्जुन सिंह, रामस्वरूप, दौलतराम, गजराज सिंह, हरिओम, रामप्रसाद, राम सिंह, लखन सिंह, सुजान सिंह, हरनारायण, प्रेमनारायण, लक्ष्मीनारायण, रंगलाल, प्रताप सिंह, सत्यनारायण, वंकट सभी जाति गुर्जर निवासीगण ग्राम भोजपुरिया, फूल सिंह मीना निवासी ग्राम दाता का चक एवं मजबूत सिंह गुर्जर निवासी ग्राम बिसलई राजस्थान द्वारा एक राय होकर एवं जान से मारने की नियत से दूसरे पक्ष के महेन्द्र सिंह, चंदन, धनलाल, अर्जुन सिंह, रामस्वरूप, दौलतराम, कनीराम, जगदीश, जगन्नाथ सिंह, धन सिंह, पर्वत सिंह एवं संतोष बाई सभी जाति गुर्जर निवासीगण ग्राम भोजपुरिया की लाठी, फरसा आदि हथियारों से गंभीर मारपीट की गई थी।

इस घटना को लेकर दूसरे पक्ष की ओर से फरियादी महेन्द्र सिंह पुत्र धनलाल गुर्जर की रिपोर्ट पर पहले पक्ष के नामजद उक्त 20 आरोपियों के विरूद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 135/24 धारा 307, 294, 323, 324 506, 147, 148, 149 भादवि का अपराध दर्ज किया गया था। पूरे विवाद में एक युवक की मौत हो गई थी। उक्त मामले में एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा उपरोक्त घटनाक्रम को गंभीरता से लकर प्रकरण के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। निर्देशानुसार एसडीओपी चाचौड़ा दिव्या सिंह राजावत के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बुन्देल सिंह सुनेरिया अपनी टीम के साथ प्रकरण के आरोपियों की तलाश में सक्रियता से जुट गये और जिनकी तलाश के लिए अपना मुखबिर जाल बिछाकर सघन दबिशें दी गई।

### हिंदू उत्सव समिति की कार्यकारिणी का गठन

**इकलेरा।** रविवार को हिंदू उत्सव समिति की मीटिंग तलेन रोड हनुमान मंदिर में रखी गई। उनके मुख्य अतिथि राधेश्याम विश्वकर्मा बाबा बाबूलाल कश्यप सरपंच सरवन पाटीदार हरिओम शर्मा मंदिर के पुजारी रघुवीर सिंह हिंदू उत्सवसमिति के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उसके बीच-में प्रस्ताव रखा गया संगठन के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह बना को चुना गया एवं उपाध्यक्ष धीरज शर्मा एवं कोषाध्यक्ष गणेश भंडारी पाटीदार को सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिए बनाए गए।

## 24 सट्टेबाज दबोचे, पुलिस ने निकाला उनका जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगर में दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर पुलिस ने 24 सट्टेबाजों को दबोचा है। शुक्रवार को सावरकर बाल विहार के पीछे बनी दुकान पर छापामार कार्रवाई की गई, वहां से 10 लोगों को हिरासत में लिया। उनके पास से लगभग 18 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सभी को रस्सी से बांधकर जुलूस निकालते हुए थाने ले गई। वहीं दूसरी कार्रवाई किलेअंदर में की गई। पुलिस ने मुखबिर की बताए स्थान पर छापामार कार्रवाई की तो वहां से 14 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने मौके से 7 हजार से ज्यादा नगद राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को रस्सी से बांधकर जुलूस निकाला और थाने ले गई। सीएसपी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि शहर में जुआ सट्टा का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। शनिवार को मुखबिर से जुआ सट्टा की जानकारी मिली। जिसके बाद शहर में दो स्थानों पर कार्रवाई की गई।

## विधायक ने किया ग्राम माना में नवीन पुलिया का लोकार्पण और पौधारोपण

### पौधरोपण हमारे स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रविवार को समीपस्थ ग्राम पंचायत माना में नवीन पुलिया के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा एवं उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश दांगी बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच अरविंद कलमोदीया एवं पंचायत के सभी पंच गण अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत से सीईओ राजीव मिश्रा , एसडीओ संजीव वर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में नवीन पुलिया का लोकार्पण कार्य किया गया। साथ ही इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पौधारोपण किया एवं पर्यावरण के संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को



जानकारी दी। जल के बचाव एवं संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी सरपंच के साथ सरपंच द्वारा एक संकल्प लिया गया कि आज के बाद ग्राम माना में किसी भी परिवार में किसी भी जाति समुदाय में अगर बालिका का जन्म होता है तो ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा उनके यहां ढोल नगाड़े बजाए जाएंगे एवं मिठाई वितरण करवाई जाएगी। ग्राम पंचायत सरपंच की इस पहल पर विधायक शर्मा द्वारा उनकी बहुत सराहना की गई एवं सभी उपस्थित ग्रामीणों द्वारा एवं पार्टी कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं द्वारा सरपंच की इस पहल की सराहना की गई।

**सीएम राइज स्कूल भवन का राज्यमंत्री ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

## नए भवन में बच्चों को मिलेगी क्लासरूम, कंप्यूटर साइंस लैब, लाइब्रेरी की सुविधा : राज्यमंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विकासखंड के ग्राम मऊ में शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत सीएम राइज विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका कौशल विकास एवं रोजगार विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने करीब 29 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे सीएम राइज स्कूल के भवन निर्माण कार्य का शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये।

मंत्री टेटवाल ने नवीन भवन निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि व अफसरों के साथ जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से छात्रों को बडी सौगात



मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की तर्ज पर इस स्कूल भवन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही सुविधाएं भी निजी स्कूलों की तरह मिलेंगी। टेटवाल ने बताया कि यहां पर शीघ्र सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण पूरा हो इसको लेकर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। नए भवन में क्लासरूम, कंप्यूटर-साइंस लैब, लाइब्रेरी शामिल होंगी। जिससें बच्चों को पढ़ाई में बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि 29 करोड़ रूपये से सीएम राइज भवन का निर्माण कार्य ठेकेदार केजी गुप्ता कंपनी कर रही है और इसका काम जून 2025 तक पूर्ण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने भवन निर्माण की प्रगति से अवगत होते हुए कार्य को और गति देने के निर्देश दिये।

### गुणवत्तापूर्वक निर्माण के दिए निर्देश

मंत्री गौतम टेटवाल ने सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न कक्षाओं, निर्माण सामग्री, भवन की गुणवत्ता आदि के बारे में ठेकेदार से जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद मंत्री ने विद्यालय में पौधारोपण किया। इस दौरान पचोर नप अध्यक्ष विकास करोडिया, सरपंच रईस मंसूरी,विद्यालय प्राचार्य एसएल भारती सहित अन्य मौजूद रहे।